**Regarding improvement of NH-48 passing through Himmatnagar in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.-laid**

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया **(**साबरकांठा**) :** मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री महोदय का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । मेरे लोकसभा साबरकांठा के हिम्मतनगर नगर क्षेत्र से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 (NH-48), जो कि चेनेज 491040 से 494307 तक विस्तृत है, वर्तमान में तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा बढ़ते यातायात दबाव के कारण अव्यवस्थित होता जा रहा है । इस खंड पर सेवा मार्ग एवं जल निकासी हेतु 7 मीटर चौड़ी RCC संरचना स्वीकृत है, किंतु वर्तमान आवश्यकताओं की तुलना में यह अपूर्ण एवं अपर्याप्त सिद्ध हो रही है । अतः मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करती हूँ कि निम्नलिखित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण किया जाए:-

1. NH-48 के उल्लिखित खंड में सेवा मार्ग को 7 मीटर से बढ़ाकर 9 मीटर चौड़ा किए जाने की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए ।

2. जल निकासी हेतु Precast Factory Made RCC Drain System को अनुमोदित किया जाए ।

3. वर्षाजल को हटमाती नहर में प्रवाहित करने हेतु एक सुनियोजित एवं समर्पित जल निकासी योजना तैयार की जाए ।

4. यह अवगत कराना समीचीन होगा कि 45 मीटर का अतिरिक्त ROW (Right of Way) स्थानीय निकाय (नगरपालिका) से उपलब्ध है, जिसे इस उद्देश्य हेतु प्रयुक्त किया जा सकता है ।